

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–02 मंगलवार, दिनांक–28 फरवरी, 2023 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:13 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण कार्यस्थगन के प्रस्ताव पर सदन में चर्चा तथा अन्य मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों को अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया और माननीय नेता विरोधी दल को अपनी बात रखने को कहा गया। माननीय नेता विरोधी दल द्वारा मुजफ्फरपुर की एक घटना का मामला उठाया गया।

तदुपरान्त माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग द्वारा कहा गया कि कार्यस्थगन के प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार आसन का है। जिन मुद्दों पर विपक्ष सवाल कर रहा है, उस संदर्भ में स्पष्ट करना है कि FIR में नाम दर्ज करना सदन में चर्चा का विषय नहीं हो सकता है तथा सेना के संबंध में माननीय मंत्री द्वारा दिये गये बयान पर उनके द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर दिया गया है।

तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सदन को आश्वस्त किया गया कि मुजफ्फरपुर की घटना की समुचित जांच कराने का निदेश दे दिया गया है।

आसन द्वारा कहा गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने स्तर से इस प्रकरण की समुचित जांच करने का आदेश दे दिया है। जांचोपरान्त जो फलाफल आयेगा उसपर नियमानुसार उचित कार्रवाई होगी।

[1] **प्रश्नकाल** :–

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 03 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।

(iii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(iv) 10 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(v) 128 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–20 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा कहा गया कि सरकार वर्तमान नीति के तहत उत्तर देती है, परन्तु जो समस्या गंभीर है, उसका निदान नियमानुसार कैसे हो, इसपर माननीय मंत्री अवश्य ध्यान दें।

प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण पुनः शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा बार–बार माननीय सदस्यों से शांति बनाये रखने तथा अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का आग्रह किया गया किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और तत्पश्चात विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री जनक सिंह एवं श्री संजय सरावगी द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्रीमती मंजु अग्रवाल | (ii) | श्री महा नंद सिंह |
| (iii) | श्री ललित नारायण मंडल | (iv) | श्री संदीप सौरभ |
| (v) | श्री अरूण सिंह | (vi) | श्री अखतरूल ईमान |
| (vii) | श्री अमरजीत कुशवाहा | (viii) | श्री मनोज मंजिल |
| (ix) | श्री सत्यदेव राम | (x) | श्री मुकेश कुमार यादव |
| (xi) | श्री रणविजय साहु | (xii) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xiii) | श्री राम रतन सिंह | (xiv) | श्री रामबली सिंह यादव |

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य श्री रामबली सिंह यादव एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री रामबली सिंह यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया।

(ii) माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना अपृष्ठ हुई।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:22 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[5] वित्तीय कार्य :–**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए आय–व्ययक के विवरण का उपस्थापन सदन में किया गया तथा बजट भाषण दिया गया।

**[6] महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद :–**

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री भूदेव चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा माननीय सदस्य श्री राम विलास कामत द्वारा इसका अनुमोदन किया गया।

आसन द्वारा सदन की कार्यवाही को 05:00 बजे अपराह्न तक के लिए विस्तारित करने की घोषणा की गयी।

तत्पश्चात आसन द्वारा कहा गया कि माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर दिया गया संशोधन नियमानुकूल है तथा इसे सदन की सहमति से पढ़ा हुआ माना जाय।

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

तदुपरान्त आसन की सहमति से माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा अपना पक्ष रखा।

[इस दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

आसन द्वारा सदन की कार्यवाही को माननीय नेता विरोधी दल के संबोधन की समाप्ति तक के लिए विस्तारित करने की घोषणा की गयी।

आसन द्वारा माननीय नेता विरोधी दल को उनका संबोधन आज ही समाप्त करने का आग्रह किया गया, परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गये।

तदुपरान्त धन्यवाद प्रस्ताव एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद–विवाद में माननीय सदस्य श्री महबूब आलम ने अपना पक्ष रखा।

आसन से घोषणा की गई कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद दिनांक–01.03.2023 को भी जारी रहेगा।

**[7] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 12 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक–01 मार्च, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–28.02.2023

**पवन कुमार पाण्डेय**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।